classmate
Date
Page

HISTORY

प्रश्न (Question)

I. अति लघु प्रश्न एवं इनके उत्तर (Very short question with Answer)

प्रश्न 1. प्राचीन भारत के इतिहास में छठी शताब्दी ई० पू० की क्या महत्ता है?

उत्तर - लगभग छठी शताब्दी में हमें नए राजाओं, राज्यों तथा साम्राज्यों के उत्पन्न होने के संकेत मिलते हैं। इन राजनीतिक घटनाक्रम गतिविधियों के साथ-साथ हमें कृषि संबंधी परिवर्तनों के बारे में भी जानकारी मिलती है। इस उपमहाद्वीप में नए नगर भी अस्तित्व में आ रहे हैं।

प्रश्न 2. शिलालेख विद्या में जेम्स प्रिंसेप का क्या योगदान था?

उत्तर - जेम्स प्रिंसेप ईस्ट इंडिया कम्पनी की टकसाल में एक अधिकारी था। इसने सबसे प्राचीन, शिलालेखों तथा सिक्कों में प्रयोग की गई ब्राह्मी तथा खरोष्ठी को ~~पढ़~~ पहली बार पढ़ा।

प्रश्न 3. किन्हीं चार महाजनपदों के नाम लिखें।

उत्तर - अवन्ति, गांधार, कोशल तथा ~~मगध~~ मगध